हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

17 अप्रैल 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार :-</u>

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित तीन विधेयकों पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणियों के लिए माफी की मांग की।

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी सांसदों से नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन का समर्थन करने का आग्रह किया।

3. केंद्र सरकार ने कहा कि देश में एलपीजी आपूर्ति सामान्य ,वितरक केंद्रों पर कमी की कोई सूचना नहीं।

4. हरियाणा के राजस्व विभाग ने पंजीकरण और अन्य राजस्व सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के समयबद्ध समाधान के लिए सिटिजन हेल्पडेस्क शुरू करने की घोषणा की।

5. हरियाणा के सभी जिलों में आज विश्व हीमोफीलिया दिवस मनाया गया।

----------------------

लोकसभा में आज संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026 पर चर्चा के दौरान विपक्षके नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षणविधेयक नहीं है और इसका महिला सशक्तिकरण से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने दावा कियाकि इन विधेयकों को संसद में लाकर चुनावी मानचित्र बदलने का प्रयास किया जा रहा है।श्री गांधी ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक जाति जनगणना को दरकिनार करने के उद्देश्यसे लाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी पर श्री राहुल गांधी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए माफी की मांग की और उनकेभाषण से इन्हें हटाने को कहा।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी राहुल गांधी की निंदाकरते हुए उनकी टिप्पणियों को असंसदीय बताया।

----------------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी सांसदों से नारी शक्ति वंदन अधिनियममें संशोधन का समर्थन करने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहाकि देश की लाखों महिलाओं की निगाहें संसद, उसके इरादों और उसकेफैसलों पर टिकी हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण के पक्ष में मतदानकरने की अपील की। उन्होंनेकहा कि संशोधन को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने के लिए तार्किक जवाब दिए गए हैंऔर हर संशय का सरकार ने समाधान किया है।

---------------------------

केंद्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देशभर में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। नई दिल्ली में आज अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि एलपीजी आपूर्ति सामान्य है औरदेशभर के वितरक केंद्रों पर कहीं भी आपूर्ति में कमी की सूचना नहीं है।

---------------------------

भिवानी मे आज मुख्यमंत्री उड़न दस्ते ने एक गैस सिलेंडर एजेंसी पर अचानक छापेमारी की। एजेंसी के स्टॉक और जरूरी दस्तावेजों की गहन जांच की। इंस्पेक्टर नवीन रोहिला ने कहा कि जांच के दौरान स्टॉक पूरी तरह से सही और संतुलित पाया गया है।

---------------------------

हरियाणा के राजस्व विभाग ने पंजीकरण और अन्य राजस्व सेवाओं से जुड़ी जन शिकायतों के समयबद्ध समाधान के लिए एक समर्पित सिटिजन हेल्पडेस्क शुरू करने की घोषणा की है। डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य शिकायतों के समाधान में होने वाली देरी को खत्म करना, अनियमितताओं पर रोक लगाना और राज्य भर में सरकारी सेवाओं को और अधिक नागरिक-अनुकूल बनाना है।

उन्होंने बताया कि नागरिक हेल्पडेस्क एक सिंगल-विंडो प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा, जहां हरियाणा के निवासी तहसीलों में टोकन के अनुमोदन में देरी, ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली में तकनीकी खामियां, पेपरलेस पंजीकरण से जुड़ी समस्याएं, भ्रष्टाचार, अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न या सरकारी सेवाओं, विशेषकर संपत्ति पंजीकरण से संबंधित किसी भी प्रकार की अनियमितता के बारे में शिकायत दर्ज करवा सकेंगे।उन्होंने बताया कि हेल्प डेस्क के माध्यम से दर्ज सभी शिकायतों का निवारण 48 घंटे के भीतर करना होगा ।

---------------------------

हरियाणा दूरसंचार सर्किल अंबाला की संचार लेखा नियंत्रक द्वारा आज हिसार कार्यालय में दूरसंचार विभाग एवं भारत संचार निगम लिमिटेड के पेंशन भोगियों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रथम त्रैमासिक पेंशन अदालत का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नियंत्रक संचार लेखा शिल्पी सिन्हा ने बताया कि अदालत में पेंशनरों की शिकायतें सुनकर उनका निपटारा किया गया है।

-----------------------

हरियाणा के सभी जिलों में आज विश्व हीमोफीलिया दिवस मनाया गया। इस दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पखवाड़े में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें बच्चों की कई प्रतियोगिताएं करवाकर लोगों को इस आनुवंशिक रोग के बारे में जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने कहा की इस रोग का इलाज संभव है। मरीजों को ₹3200 महीने की पेंशन दी जाती है जो और किसी पेंशन के अतिरिक्त होती है।

-----------------------

अक्षय तृतीया से पहले बाल विवाह रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान फरीदाबाद प्रशासन की मुस्तैदी से आज एक बाल विवाह को समय रहते रोक दिया गया। यह मामला संतोष नगर क्षेत्र का है, जहां एक नाबालिग बच्ची की शादी की तैयारी चल रही थी।

लड़की के पिता, लड़के के पिता और स्वयं युवक ने लिखित में आश्वासन दिया कि यह विवाह नहीं किया जाएगा।

-----------------------

हरियाणा की वित्त आयुक्त, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग डाॅ सुमिता मिश्रा ने आज पंचकुला में बरवाला अनाजमंडी का निरीक्षण किया और गेहूं की खरीद व उठान का जायजा लिया। डॉ. मिश्रा ने गेट पास और बायोमैट्रिक प्रणाली तथा गेहूं की बोरियों के वजन की जांच की । उन्होंने किसानों और आढ़तियों से सीधे संवाद कर उनकी प्रतिक्रिया भी ली ।

डाॅ. सुमिता मिश्रा ने मंडी में किसानों और मजदूरों के लिए संचालित अटल कैंटीन का निरीक्षण किया और वहां मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए डाॅ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि अब तक मंडी में 1 लाख 56 हजार क्विंटल की आवक हुई है जिसमें से 1 लाख 27 हजार क्विंटल गेंहू की खरीद और 46 हजार 700 क्विंटल गेहूं का उठान हो चुका है।

इसके उपरांत डॉ. सुमिता मिश्रा ने बतौड़ मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया और मरीजों को आपातकाल वार्ड  मे आने के लिए अलग से रास्ता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

-----------------------

जींद जिले के गांव डाठरथ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र  का भवन जल्द बनेगा। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है और भवन निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो जाएगा।

इस नए स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण पर लगभग साढ़े  पांच करोड़ रुपये की लागत आएगी।

-----------------------